

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Aligarh News: बकरीद पर बाजारों में 30 लाख का कारोबार

अलीगढ़ में बकरीद की नमाज के बाद मुस्लिम बहुल इलाकों के बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आए। जयगंज, ऊपरकोट, देहलीगेट, भुजपुरा, सराय मियां और रेलवे रोड जैसे इलाकों में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ कचौड़ी, खस्ता और मिठाई की दुकानों पर देखने को मिली। कारोबारियों के मुताबिक सिर्फ कुछ घंटों में करीब 30 लाख रुपये का कारोबार हुआ। देसी घी में बनी कचौड़ियों की मांग सबसे ज्यादा रही। दो देसी घी की कचौड़ियां करीब 90 रुपये में बिकीं, जबकि रिफाइंड ऑयल वाली कचौड़ियां 35 से 40 रुपये तक में लोगों ने खरीदीं। इसके अलावा खस्ते, पकौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, चाय और बन-मक्खन की दुकानों पर भी लगातार भीड़ बनी रही। भीषण गर्मी के बीच ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री भी तेज रही। नारियल पानी, गन्ने का रस, जूस, कोल्ड ड्रिंक और ठंडे पानी की बोतलें हाथों-हाथ बिकती नजर आईं।



दुकानदारों ने बताया कि ग्राहकों की भीड़ सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर तक लगातार बनी रही, जिसके लिए रात से ही विशेष तैयारी की गई थी। बच्चों के बीच रंग-बिरंगे गुब्बारों का खास आकर्षण देखने को मिला। शाहजमाल ईदगाह, जमालपुर ईदगाह और एएमयू सर्किल के आसपास लगी दुकानों पर कार्टून और जानवरों की आकृति वाले गुब्बारे खूब बिके। साधारण गुब्बारे 10 रुपये और बड़े डिजाइनर गुब्बारे 50 रुपये तक में बेचे गए। नमाज के बाद परिवारों के साथ पहुंचे बच्चों ने खिलौनों और गुब्बारों की जमकर खरीदारी की।

## Aligarh News: कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

अलीगढ़ के थाना छर्रा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसा गांव नगला गुलरिया के मरघट के सामने हुआ, जहां पीछे से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। घायलों की पहचान गांव गालिवपुर निवासी रासिल खां और उनके रिश्तेदार मुकलतिन पुत्र बाबू खां निवासी धनसारी थाना छर्रा के रूप में हुई है। दोनों गुरुवार सुबह बाइक से छर्रा से अपने गांव लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया।



घायल रासिल खां ने आरोप लगाया कि गांव के एक युवक से उसकी पुरानी दुश्मनी चल रही है और उसी ने साजिश के तहत कार से टक्कर मरवाई है। घटना के बाद रासिल तहरीर देने थाने पहुंचे, लेकिन गंगीरी पुलिस ने मामला थाना छर्रा क्षेत्र का बताते हुए लौटा दिया। एसओ ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि घटना गंगीरी थाना क्षेत्र में नहीं हुई है, इसलिए संबंधित थाना क्षेत्र में कार्रवाई की जाएगी।

## Aligarh News: आंधी-बारिश से बिजली व्यवस्था ठप, कई इलाकों में कटौती

अलीगढ़ में गुरुवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। खैर और इगलास क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों पर बिजली के खंभे, तार और पेड़ गिर गए, जिससे कई गांवों और शहर के इलाकों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। तेज हवाओं और तकनीकी फॉल्ट के कारण शहर में भी बिजली व्यवस्था चरमरा गई। राजेंद्र नगर, गांधी पार्क, जीवनगढ़, बारहद्वारी, क्वार्सी, रेलवे रोड और कई कॉलोनियों में घंटों बिजली गुल रही। देर रात तक कंट्रोल रूम और अधिकारियों के फोन शिकायतों से लगातार बजते रहे।





बिजली विभाग की टीमें पूरी रात पेट्रोलिंग कर फॉल्ट ढूंढने और सप्लाई बहाल करने में जुटी रहीं। मुख्य अभियंता अरविंद नायक ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जल्द बिजली व्यवस्था सामान्य करने का प्रयास जारी है। हालांकि तेज आंधी और बूंदाबांदी के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को भी बादल छाने और गरज के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

## Aligarh News: सड़क हादसे में एएमयू प्रोफेसर की मौत



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के सहायक प्रोफेसर अतीबुर रहमान शेरवानी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बृहस्पतिवार सुबह ईद की नमाज अदा कर लौटते समय मंजूरगढ़ी बाईपास पर हुआ। बताया जा रहा है कि उनकी स्कूटी की सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी स्कूटी से जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी स्कूटी पर नाबालिग बच्चे सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि अतीबुर रहमान सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर से एएमयू शिक्षक समुदाय और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अतीबुर रहमान शेरवानी एएमयू के सांख्यिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर थे और नगला पटवारी के निवासी थे। थाना क्वार्सी प्रभारी शिव प्रसाद ने बताया कि परिजनों के अनुरोध पर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और बिना कानूनी कार्रवाई के शव परिवार को सौंप दिया गया। एएमयू के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी राहत अबरार ने उन्हें एक होनहार और सम्मानित शिक्षक बताया।

## Aligarh News: पानी की टंकी तोड़े जाने पर महिलाओं का हंगामा

अलीगढ़ के आगरा रोड स्थित राठी हॉस्पिटल के सामने नगर निगम की कार्रवाई के बाद जमकर हंगामा हुआ। नगर निगम कर्मचारियों ने सड़क किनारे रखी पानी की टंकी और बैंच को अतिक्रमण बताते हुए जेसीबी से तोड़ दिया, जिसके विरोध में महिलाओं ने सड़क पर जाम लगा दिया। बताया गया कि समाजसेविका गौरी पाठक के आग्रह पर डॉ. आशा राठी ने राहगीरों और मरीजों के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था कराई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम अधिकारियों ने बिना सूचना दिए पानी की टंकी हटाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई कर दी।



घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों का कहना था कि गर्मी में लोगों को राहत देने वाली व्यवस्था को तोड़ना गलत है। मामला बढ़ने पर समाजसेविका गौरी पाठक ने मेयर प्रशांत सिंघल से फोन पर बात की। मेयर ने टूटी हुई टंकी और अन्य व्यवस्थाओं को दोबारा कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ और जाम खुल सका।

# Aaj Ka Rashifal 29 May

## सिंह और तुला समेत इन चार राशियों को मिल सकती है अच्छी खबरें,



29 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 29 मई 2026 का राशिफल। 29 मई को मन के कारक चंद्रमा का गोचर शुक्र ग्रह के स्वामित्व वाली राशि तुला में है, वहीं इसी दिन त्रयोदशी और रवि योग का संयोग भी बनेगा। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए 29 मई का दिन कैसा रहेगा।

### मेष

आज प्यार आपके रिश्ते में नई मिठास घोल सकता है। जीवनसाथी के साथ बिताए गए पल दिल को सुकून देंगे और रिश्ते में अपनापन और गहराई बढ़ेगी। कारोबार में थोड़ी हलचल और उतार-चढ़ाव रह सकते हैं, लेकिन समझदारी से लिए गए फैसले आपको संभाल लेंगे। पैसों को लेकर आप कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, जो भविष्य में फायदेमंद साबित होगा। अगर किसी का उधार बाकी है, तो आज उसकी याद दिलाई जा सकती है। आसपास के लोगों की असली नीयत पहचानकर चलेंगे, तो दिन ज्यादा शांत और सुखद रहेगा।

### वृषभ

आज किस्मत आपके दरवाजे पर खुशियों की दस्तक दे सकती है। व्यापार में कोई बड़ा सौदा आपके हाथ लग सकता है और मेहनत का शानदार परिणाम देखने को मिलेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपको घर या प्रॉपर्टी से जुड़ा सपना पूरा करने में मदद करेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएंगे और लोग आपकी तारीफ करेंगे। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से आपकी पहचान और सम्मान दोनों बढ़ेंगे। लंबे समय से रुका कोई काम पूरा होकर मन को गहरी राहत देगा।

### मिथुन

आज आपकी प्रतिभा लोगों को प्रभावित करने वाली है। कार्यक्षेत्र में आपकी रचनात्मक सोच और नए आइडिया सबका ध्यान खींचेंगे। कला, लेखन या क्रिएटिव कामों में आपका मन खूब लगेगा। घर में किसी खास मेहमान के आने से माहौल में रौनक बढ़ेगी। हालांकि किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। यात्रा के दौरान मिली कोई जानकारी भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देखने वालों के लिए अच्छे संकेत बन रहे हैं।

### कर्क

आज मन थोड़ा उलझा और बेचैन रह सकता है। पैसों से जुड़ा कोई फैसला जल्दबाजी में लेना नुकसान दे सकता है, इसलिए सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। परिवार में छोटी-मोटी बहस तनाव बढ़ा सकती है, लेकिन बातचीत से हर बात सुलझ सकती है। मां से किया गया कोई वादा आज आप पूरा करेंगे, जिससे मन को सुकून मिलेगा। सरकारी कामों में अटकी हुई फाइल आगे बढ़ सकती है। मन में कुछ नया शुरू करने की इच्छा भी आज जोर पकड़ सकती है।

### सिंह

आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा दोनों चरम पर रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उनके काम के लिए तारीफ और सम्मान मिल सकता है। निवेश के लिए दिन अच्छा है, खासकर शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ मिलने के संकेत हैं। आप अपने हर काम को समय पर पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी। परिवार के साथ बिताया समय रिश्तों में आई दूरी को कम करने में मदद करेगा।

### कन्या

आज आपको हर फैसला बहुत सोच-समझकर लेना होगा। साझेदारी में काम कर रहे लोगों को अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत है। लंबे समय से रुका हुआ कोई काम पूरा होकर राहत देगा। सेहत को हल्के में लेना ठीक नहीं रहेगा। जरूरी दस्तावेजों और कागजों को संभालकर रखें, क्योंकि लापरवाही नुकसान करा सकती है। पैसों या लेन-देन से जुड़ा पुराना मामला सुलझने के संकेत दे रहा है।

### तुला

आज आपकी समझदारी और निर्णय लेने की क्षमता आपको दूसरों से आगे रखेगी। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते नजर आएंगे, लेकिन धन से जुड़ा कोई मामला मन को थोड़ा परेशान कर सकता है। पुरानी किसी गलती का सच सामने आ सकता है, इसलिए संभलकर रहें। विदेश में पढ़ाई या करियर बनाने का सपना देखने वालों को शानदार अवसर मिल सकते हैं। अपने काम खुद संभालें, क्योंकि दूसरों पर भरोसा करना परेशानी बढ़ा सकता है। संतान की सफलता आपका दिल गर्व से भर देगी।

### वृश्चिक

आज समाज में आपका मान-सम्मान और रुतबा बढ़ने वाला है। घर में किसी धार्मिक आयोजन या पूजा-पाठ की योजना बन सकती है। लगातार मेहनत के कारण शरीर थका हुआ महसूस कर सकता है। आपका मनमौजी स्वभाव कभी-कभी आपको मुश्किल में डाल सकता है, इसलिए संतुलन बनाए रखें। जरूरी बातें और निजी जानकारी किसी से साझा करने से बचें। अगर परिवार के सामने आपकी कोई गलती उजागर हो जाए, तो विनम्रता से उसे स्वीकार करना ही रिश्तों को मजबूत बनाएगा।

### धनु

आज आपके भीतर जोश और उत्साह भरपूर रहेगा। हर काम में मन लगेगा और नई शुरुआत करने का उत्साह भी बना रहेगा, खासकर प्रेम संबंधों में। सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी जरूरी है, इसलिए योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। पारिवारिक मामलों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। यात्रा के दौरान मिली कोई खास जानकारी आगे चलकर आपके लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

### मकर

आज आपको धैर्य और समझदारी के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। पुरानी बीमारी अगर दोबारा परेशान कर रही है, तो उसे नजरअंदाज न करें। परिवार और काम के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। हर फैसला सोच-समझकर लें, क्योंकि जल्दबाजी में उठाया गया कदम बाद में पछतावा दे सकता है। शांत रहकर काम करेंगे, तो मुश्किलें भी आसानी से संभल जाएंगी।

### कुंभ

आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान और प्रभाव बढ़ सकता है। लोग आपके काम और विचारों की सराहना करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। प्रेम संबंधों में चल रही दूरियां कम होंगी और रिश्तों में समझ बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें। अगर दिल में किसी के लिए प्यार है, तो आज अपनी भावनाएं जाहिर करने का सही समय हो सकता है। भगवान की भक्ति में मन लगेगा, हालांकि कुछ जरूरी खर्च थोड़ी चिंता बढ़ा सकते हैं।

### मीन

आज सेहत आपका पूरा साथ देगी और आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव और मजबूत होगा, जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। नौकरी में आ रही किसी समस्या का हल किसी जूनियर या सहयोगी की मदद से निकल सकता है। किस्मत आज आपके पक्ष में रहेगी, इसलिए कई काम आसानी से पूरे होते नजर आएंगे। मन में संतोष और शांति बनी रहेगी, जिससे पूरा दिन सकारात्मक महसूस होगा।

# Hamirpur Bridge Tragedy

## प्रकृति का कहर या निर्माण की लापरवाही? छह जिंदगियां मलबे में दफन, सुरक्षा पर उठे सवाल



उत्तर प्रदेश के Hamirpur में बेतवा नदी पर बन रहा निर्माणाधीन पुल गुरुवार देर रात तेज आंधी-तूफान के दौरान ढह गया। हादसे में छह मजदूरों की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। बताया जा रहा है कि रात करीब तीन बजे मजदूर काम खत्म करने के बाद पुल के स्लैब के नीचे और आसपास आराम कर रहे थे। तभी तेज आंधी और बारिश के बीच पुल का भारी स्लैब अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अंधेरे में राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।

स्लैब गिरने के साथ ही वहां अफरा-तफरी मच गई। अंधेरी रात, तेज बारिश और मलबे के बीच दबे मजदूरों की चीखें सुनाई दे रही थीं, लेकिन भारी मलबा और खराब मौसम राहत कार्य में बड़ी बाधा बना रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान तीन मजदूर पुल के पिलर के पास फंसे हुए मिले, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, मलबे के नीचे दबे छह मजदूरों की जान नहीं बचाई जा सकी। मृतकों की पहचान बांदा और हमीरपुर जिले के रहने वाले मजदूरों के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार आंधी-तूफान के दौरान निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद मजदूरों को असुरक्षित स्थिति में क्यों छोड़ा गया। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और निर्माण कार्य में लापरवाही की संभावना की भी जांच की जा रही है। इधर, हादसे के बाद पूरे जिले में आंधी-बारिश के कारण कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिरने से हालात और भी प्रभावित हुए।

# रिश्तों का सूनापन

## करोड़ों की कोठी में अकेलेपन से हार गईं दो जिंदगियां, बुजुर्ग ननद-भाभी की मौत ने छोड़े सवाल



मध्य दिल्ली के राजिंदर नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक घर के अंदर दो बुजुर्ग महिलाओं के शव संदिग्ध हालात में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान 80 वर्षीय सरोज बाला और उनकी भाभी चंद्र कांता के रूप में हुई है। मध्य जिला पुलिस ने बताया कि घर में जबरन प्रवेश के संकेत नहीं मिले हैं। राजधानी की भीड़, चमक और भागती जिंदगी के बीच राजिंदर नगर के एक पुराने घर में दो बुजुर्ग महिलाएं चुपचाप जिंदगी से हार गईं। आसपास करोड़ों के अपार्टमेंट्स खड़े थे, सड़क पर गाड़ियों का शोर था, लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे लेकिन उस घर के भीतर मौत आई और दोनों को लेकर चली गई लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। घर की सफाई करने जब कामवाली पहुंची तो तेज बदबू से अनहोनी का अहसास हुआ। कमरे में 80 वर्षीय सरोज और उनकी भाभी चंद्रकांता मृत मिलीं। बुजुर्ग ननद-भाभी की मौत दो जिंदगियों का अंत नहीं बल्कि महानगरों में बढ़ती उस खामोशी की कहानी है, जहां लोग पास रहकर भी एक-दूसरे से दूर हो गए हैं। पड़ोसियों ने घर की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई है लेकिन इसके भीतर रहने वाली दोनों बुजुर्ग महिलाओं की दुनिया बेहद छोटी और खामोश थी। पड़ोस में रहने वाले 74 वर्षीय श्रीधर बताते हैं, कि सरोज से कभी-कभार दूध लेने जाते वक्त मुलाकात हो जाती थी। वो बहुत कम बोलती थीं। सरोज अविवाहित थीं और बिजली विभाग से सेवानिवृत्त थीं।

# पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने रचा इतिहास



Akshay Kumar Praises Athlete Gurindervir Singh: अक्षय कुमार ने ऐतिहासिक स्प्रिंट उपलब्धि के बाद स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह की प्रशंसा की। साथ ही उनकी जीत पर गर्व जताया और देश को गौरव दिलाने के लिए उनकी सराहना की।पंजाब के 25 वर्षीय धावक (स्प्रिंटर) गुरिंदरवीर सिंह ने भारत के खेल इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। रांची में हुई 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता 2026 में उन्होंने 10.09 सेकंड में 100 मीटर की दौड़ पूरी की। अक्षय कुमार के अलावा क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह ने भी गुरिंदरवीर की तारीफ की है।गुरिंदरवीर की इस ऐतिहासिक जीत पर पूरा देश उन्हें बधाई दे रहा है। अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (ट्विटर) पर गुरिंदरवीर की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वह इस उपलब्धि से सचमुच हैरान हैं। उन्होंने लिखा कि लंबे समय से यह माना जाता था कि भारतीय।

# 'है जवानी तो इश्क होना है'



## 'है जवानी तो इश्क होना है' को सीबीएफसी से मिला U/A सर्टिफिकेट, जानिए फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी

फिल्म 'है जवान तो इश्क होना है' को सेंसर बोर्ड की ओर से U/A सर्टिफिकेट मिल गया है। इसका मतलब है कि इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं, लेकिन 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए माता-पिता की सलाह जरूरी है।'है जवान तो इश्क होना है' कुल 2 घंटे 16 मिनट (136 मिनट) लंबी है। मेकर्स का मानना है कि एक रोमांटिक फिल्म के लिए यह समय बिल्कुल सही है। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसे खास तौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता और मशहूर डायरेक्टर डेविड धवन ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बतौर डायरेक्टर डेविड के करियर की आखिरी फिल्म हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ पूजा हेगड़े, मृणाल ठाकुर, चंकी पांडे, जिमी शेरगिल और मौनी रॉय जैसे कई बड़े कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'है जवान तो इश्क होना है' फिल्म का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर साउथ सुपरस्टार राम चरण और जान्हवी कपूर की पैन इंडिया फिल्म 'पेद्दी' से होगा, जो 4 जून 2026 को रिलीज हो रही है। शुरुआत में यह फिल्म मई में आने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 जून तय किया गया।बीच में यश की फिल्म 'टॉक्सिक' की वजह से इसे 12 जून तक टालने का फैसला भी लिया गया था। लेकिन आखिरकार, पोस्ट-प्रोडक्शन के काम और सही समय को देखते हुए मेकर्स ने 5 जून की तारीख को ही फाइनल किया।

# सलमान खान ने खास दोस्तों को दिखाई 'मातृभूमि' की झलक



Maatrubhumi Rough Cut: सलमान खान ने अपनी आने वाली नई फिल्म 'मातृभूमि' की एक खास स्क्रीनिंग रखी। इस शो में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के अपने कुछ खास दोस्तों और अपने पसंदीदा निर्देशकों को फिल्म का रफ कट दिखाया।बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैडल पर शेयर की है।मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं।फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।'सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' का नाम पहले 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। इस फिल्म के निर्देशक अपूर्व लाखिया हैं। इस फिल्म की कहानी भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवां घाटी में हुई झड़प की सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म पहले अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म का नाम बदलने और कुछ बदलावों के कारण इसकी रिलीज आगे बढ़ा दी गई है। निर्माताओं ने अभी नई तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की

# रातों-रात बन गईं थीं पूरे देश की क्रश

## फिर हुआ कुछ ऐसा कि चली गई याददाश्त; अब करना चाहती हैं फिल्मों में वापसी



90 के दशक की शुरुआत में अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार सफलता के दम पर यह एक्ट्रेस पूरे देश की सबसे बड़ी क्रश बन गई थीं। लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ, जिसने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी।यह कहानी है अनु अग्रवाल की, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया था। साल 1990 में आशिकी रिलीज हुई, जिसे महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल ने डेब्यू किया और दोनों ही एक झटके में सुपरस्टार बन गए। फिल्म की कहानी और दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन इसका म्यूजिक सबसे ज्यादा हिट रहा।

# 'डॉन 3' का विवाद खत्म

## क्या रणवीर और फरहान अख्तर के बीच बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ने कराई सुलह?



Movie Don 3 Movie Controversy: बॉलीवुड के उस दिग्गज अभिनेता का कहा कोई नहीं टालता है। इसी अभिनेता ने अब 'डॉन 3' का विवाद खत्म करने के लिए पहल की है। जानिए, कौन है वो नामी एक्टर और क्या सच में उनकी वजह से रणवीर सिंह और फरहान अख्तर में सुलह हो गई है?इन दिनों बॉलीवुड में 'डॉन 3' को लेकर हुई कंट्रोवर्सी सुर्खियों में है। इस फिल्म को छोड़ने के कारण रणवीर सिंह पर बैन भी लग चुका है। अब खबर है कि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ने डायरेक्टर फरहान अख्तर और रणवीर सिंह में सुलह कराने की कोशिश की है। कौन है वो अभिनेता और क्या उनकी कोशिश रंग लाई है। फिल्म 'डॉन 3' का विवाद सलमान खान की वजह से खत्म हो सकता है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच सुलह कराने की कोशिश सलमान खान कर रहे हैं। उन्होंने दोनों पक्षों से बात की और



उनसे कहा कि वे अपने अपने प्रोजेक्ट्स के फ्यूचर को नुकसान पहुंचाए बिना अपने इश्यूज को सुलझा लें। सलमान खान ने फरहान अख्तर को समझाया कि इंडस्ट्री में दशकों से क्रिएटिव डिफरेंस होना आम बात है। भाईजान ने रणवीर से भी लंबी बातचीत की। डॉन 3' को जब रणवीर सिंह ने अचानक छोड़ दिया तो उनके और फरहान अख्तर के बीच का विवाद लगातार बढ़ता गया। मामला फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के पास पहुंचा। फरहान अख्तर ने यहां पर जाकर रणवीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज की।फरहान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया गया कि बिल्कुल आखिरी मौके पर यूनिट के शूट के लिए

# आईटीआर-2 फॉर्म से आयकर रिटर्न भरना शुरू



## आईटीआर-2 फॉर्म से आयकर रिटर्न भरना शुरू; बकरीद पर आज बंद रहेंगे शेयर बाजार

आयकर विभाग ने निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म की ऑनलाइन फाइलिंग सुविधा शुरू कर दी है। करदाता अब ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। यह फॉर्म मुख्य रूप से उन व्यक्तिगत करदाताओं और हिंदू अविभाजित परिवारों के लिए होता है, जिनकी आय वेतन, मकान किराया या पूंजीगत लाभ जैसे स्रोतों से होती है। आईटीआर-2 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है।



# उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार जानिए सेंसेक्स-निफ्टी का हाल

Sensex Closing Bell: घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़े उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स 141.90 (-0.18%) अंकों की गिरावट के साथ 75,867.80 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 6.55 (-0.03%) अंक टूटकर 23,907.15 के स्तर पर बंद हुआ। जानिए बाजार का हाल विस्तार से।वैश्विक स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और भारतीय रुपये की कमजोरी का सीधा असर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला।




दिन भर चले भारी उतार-चढ़ाव के बाद बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। इसका कारण निवेशकों की ओर से बरती जा रही सतर्कता रही। अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक संकट और मुद्रा बाजार के दबाव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि घरेलू बाजार विदेशी घटनाओं से पूरी तरह अछूते नहीं रह सकते।बुधवार के कारोबारी सत्र के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 141.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत लुढ़ककर 75,867.80 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 6.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत टूटकर 23,907.15 के स्तर पर आ गया। बाजार में दिन भर खरीदारी और बिकवाली के बीच भारी खींचतान चलती रही, लेकिन वैश्विक संकेतों के कमजोर होने के कारण अंततः बिकवाली का दबाव हावी रहा। रुपये पर दबाव के बावजूद अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 1 पैसा बढ़कर 95.69 (अस्थायी) पर स्थिर रहा।बाजार के इस गिरावट भरे माहौल में सबसे ज्यादा नुकसान देश के प्रमुख ऋणदाता एचडीएफसी (एचडीएफसी) बैंक के शेयरों को उठाना पड़ा। 45 करोड़ रुपये के ब्याज भुगतान से जुड़ी एक आंतरिक जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद निवेशकों के बीच काफी घबराहट फैल गई। इसके चलते सेंसेक्स पर एचडीएफसी बैंक के शेयर 'टॉप लूजर' (सबसे ज्यादा नुकसान वाले शेयर) साबित हुए और इनमें करीब तीन प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

# Gold Silver Price

### 600 रुपये सस्ता हुआ सोना, 1.64 लाख पर आया भाव; जानें बाजार का पूरा हाल



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से सोने की कीमतों में 600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, भाव 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया। सर्राफा बाजार, चांदी के रेट और वैश्विक हलचल का पूरा हाल जानने के लिए पढ़ें हमारी विस्तृत रिपोर्ट।सोने की लगातार आसमान छूती कीमतों के बीच त्योहारी और

शादी के सीजन में खरीदारी का मन बना रहे लोगों के लिए थोड़ी राहत भरी खबर है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक बातचीत में प्रारंभिक प्रगति के संकेतों के बाद सर्राफा बाजार में सोने की तेजी पर ब्रेक लग गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सोने का भाव 600 रुपये टूटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के साथ ही पिछले तीन दिनों से सोने की कीमतों में जारी तेजी का सिलसिला भी थम गया है।स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600

# स्टार्टअप्स के लिए खुशखबरी

फंड फॉर फंड्स के लिए सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश, जानिए कैसे मिलेगा फायदा सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये की फंडिंग योजना के दूसरे चरण के नियम जारी किए हैं। सिडबी के साथ मिलकर एक अन्य एजेंसी इसे लागू करेगी, जिसमें डीप-टेक और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।केंद्र सरकार ने शनिवार को एक बड़ा फैसला लिया। सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) योजना की दूसरी किस्त को मंजूरी दे दी है। यह पूरी किस्त 10,000 करोड़ रुपये की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इसके संचालन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।इन नियमों का उद्देश्य




पूंजी प्रवाह को बेहतर बनाना है। सरकार भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र में निवेश की दक्षता बढ़ाना चाहती है। इसके लिए शासन और निगरानी के कड़े तंत्र बनाए गए हैं। यह योजना सीधे निवेश नहीं करेगी। यह सेबी (एसईबीआई) के साथ पंजीकृत श्रेणी-I और श्रेणी-II के वैकल्पिक निवेश कोषों

# ओएनजीसी बनाम वेदांता



ओएनजीसी और वेदांता के बीच गुजरात के कैम्बे बेसिन ब्लॉक को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। जानिए क्या है पूरा मामला और क्यों ONGC को नहीं मिल पा रहा कंट्रोल। समझते हैं पूरी बात।गुजरात के कैम्बे बेसिन में एक अहम ऑयल एंड गैस ब्लॉक (CB-OS-02) के कंट्रोल को लेकर सरकारी तेल कंपनी ओएनजीसी और प्राइवेट कंपनी वेदांता के बीच कानूनी खींचतान जारी है। सरकार ने इस ब्लॉक का कॉन्ट्रैक्ट वेदांता के लिए आगे बढ़ाने से मना कर दिया था और ओएनजीसी को इसकी कमान संभालने को कहा था। लेकिन वेदांता ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है, जिसके चलते ओएनजीसी अब तक इस ब्लॉक का ऑपरेशनल कंट्रोल अपने हाथों में नहीं ले पाई है। इस पूरे विवाद की जड़ में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) है, जो सरकार और तेल कंपनियों के बीच होता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 19 सितंबर 2025 को एक आदेश जारी करके इस ब्लॉक के कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाने (एक्सटेंशन) से साफ इनकार कर दिया था। आपको बता दें कि इस ब्लॉक में ओएनजीसी की 50 प्रतिशत, वेदांता की 40 प्रतिशत और इनवेनियर पेट्रोडाइन लिमिटेड की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार के इस फैसले के बाद ओएनजीसी को तुरंत ब्लॉक का कामकाज अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। ओएनजीसी ने इस आदेश का पालन करते हुए 20 सितंबर 2025 को गुजरात के सुवाली में अपनी एक ऑपरेशनल टीम भी तैनात कर दी थी, लेकिन वेदांता ने उसे अब तक कामकाज नहीं सौंपा है।सरकारी आदेश का विरोध करते हुए वेदांता ने 22 सितंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कॉन्ट्रैक्ट न बढ़ाए जाने के फैसले को चुनौती दी। अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करने को कहा और ब्लॉक में यथास्थिति बनाए

# FIFA World Cup 2026



## FIFA World Cup 2026: अर्जेंटीना की टीम घोषित, मेसी ही कप्तान; क्या अपने देश को दिला पाएंगे लगातार दूसरा खिताब?

फीफा विश्व कप 2026 के लिए अर्जेंटीना ने अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। मौजूदा चैंपियन टीम की कप्तानी एक बार फिर लियोनेल मेसी करेंगे, जो अपने करियर का छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं। कोच लियोनेल स्कालोनी ने 2022 विश्व कप जीतने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है, वहीं कुछ युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है।

लियोनल मेसी के फैंस के लिए खुशखबरी है। आधिकारिक तौर पर इसका एलान हो चुका है कि मेसी इस साल फीफा विश्व कप में खेलते दिखेंगे। दरअसल, मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए अपनी अंतिम 26 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। टीम की अगुआई एक बार फिर महान फुटबॉलर मेसी करेंगे। वह अपने करियर का छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा। हाल ही में 38 वर्षीय मेसी को इंटर मियामी के लिए खेलने के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद इंटर मियामी ने कहा था कि उन्हें हैमस्ट्रिंग की समस्या है। ऐसे में फैंस परेशान थे कि यह महान फुटबॉलर विश्वकप में हिस्सा लेगा या नहीं। पर अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मेसी के खेलने पर मुहर लगा दी।

## RCB vs GT: प्लेऑफ में आरसीबी के लिए भरोसेमंद साबित हुए हैं कप्तान पाटीदार लगा चुके हैं दो अर्धशतक और एक शतक

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की। उन्होंने एक बार फिर प्लेऑफ में अपना दम दिखाया। आइए जानते हैं आईपीएल प्लेऑफ में पाटीदार का प्रदर्शन कैसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाए। इस पारी में पाटीदार ने नौ छक्के और पांच चौके लगाए। पाटीदार के दमदार प्रदर्शन की बदौलत ही आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। आरसीबी ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। रजत पाटीदार ने आईपीएल करियर में छह प्लेऑफ मुकाबले खेले हैं, जिसमें 112.66 की औसत और 193.14 की स्ट्राइक रेट के साथ 338 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकले।



इन छह मुकाबलों में पाटीदार ने 24 छक्के और 25 चौके लगाए हैं। आईपीएल प्लेऑफ में सिर्फ सुरेश रैना (40), महेंद्र सिंह धोनी (28) और कीरोन पोलार्ड (25) ने ही पाटीदार से ज्यादा छक्के लगाए हैं। रजत पाटीदार साल 2021 से अब तक सिर्फ आरसीबी के लिए ही खेले हैं। साल 2022 में उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में 54 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 112 रन बनाए थे, जिसके बाद क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध 42 गेंदों में 58 रन की पारी खेली थी। आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर मैच में पाटीदार ने राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध 22 गेंदों में 34 रन बनाए थे। आईपीएल 2025 में पाटीदार की कप्तानी में ही आरसीबी ने अपना पहला आईपीएल

## धर्मशाला में आया पाटीदार का तूफान: RCB ने बनाया आईपीएल प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर टीम का तीसरा सर्वोच्च टोटल

कप्तान रजत पाटीदार की विस्फोटक पारी से आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल प्लेऑफ का सर्वोच्च टोटल बनाया। आरसीबी ने गुजरात को 255 रनों का लक्ष्य दिया। टूर्नामेंट के प्लेऑफ इतिहास में यह सबसे बड़ा टोटल है। कप्तान रजत पाटीदार की दमदार पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 255 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास में प्लेऑफ का सबसे बड़ा टोटल स्कोर है। आरसीबी ने इस मामले में गुजरात को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 233 रन बनाए थे। आरसीबी के लिए पाटीदार ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 93 रनों की पारी खेली जिससे टीम विशाल लक्ष्य देने में सफल रही। पाटीदार का कैच कगिसो रबाडा ने 20 रन के स्कोर पर छोड़ा था और गुजरात को अंत में यह काफी महंगा पड़ा। पाटीदार ने इस मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी की।

बल्कि टूर्नामेंट के नॉकआउट मैचों में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ क्वालिफायर-1 मुकाबले में 38 बाउंड्री लगाई। आरसीबी ने इसके साथ ही सीएसके का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में दिल्ली के खिलाफ 33 बाउंड्री लगाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने सीएसके के खिलाफ 2014 में आईपीएल प्लेऑफ मुकाबले में 32 बाउंड्री लगाई थी। आईपीएल में आरसीबी का यह तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। टूर्नामेंट में टीम ने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ सर्वाधिक स्कोर बनाया था। उस मैच में आरसीबी ने पांच विकेट पर 263 रन बनाए थे। वहीं, 2024 में हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी ने सात विकेट पर 262 रन बनाए थे। अब टीम चौथी बार आईपीएल में 250 रन का आंकड़ा छूने में सफल रही है, जबकि टीम का टूर्नामेंट में यह तीसरा सर्वोच्च टोटल है। पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी में 5 चौके और 9 छक्के शामिल रहे।




## AUS vs PAK: मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर ये बल्लेबाज संभालेगा ऑस्ट्रेलिया टीम की कमान




पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका लगा है। टीम के कप्तान वनडे टीम से बाहर हो गए हैं। मार्श को चोट लगी थी जिस कारण वह इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ उनकी उपलब्धता अनिश्चित है। ऐसे में जोश इंग्लिस को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी

मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मार्श की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंग्लिस पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श, जो लखनऊ सुपर जाएंट्स के आईपीएल सीजन का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे वे अगली सूचना तक आगे की जांच और इलाज के लिए पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के सीमित ओवर सीरीज के दौरे के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। मिचेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा रहे। चोट के कारण वह शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में नहीं खेल सके थे। 19 मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मुकाबले के बाद मार्श ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे लेकिन टखने में चोट के कारण पाकिस्तान नहीं जा सके। मिचेल मार्श का सीरीज से बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस सीजन मार्श ने



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

















